प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

1. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आगरा, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद– आगरा, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2022–23/ 4943-2 दिनांक :10-10-2022

विषय : राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा जनपद आगरा के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत हैं कि राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आपके जनपद आगरा की स्वास्थ्य इकाईयो का भ्रमण दिनांक 14 से 17 सितम्बर 2022 के मध्य किया गया। भ्रमण दल द्वारा प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

तत्क्रम में आपसे अपेक्षा है कि उक्त भ्रमण आख्या के अनुसार सुधारात्मक कार्यवाही करते हुये 15 कार्यदिवसों के भीतर कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करे।

संलग्नक– भ्रमण आख्या रिपोर्ट।

भवदीय

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक
तददिनांक

पत्रांक :एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2022–23/

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ।
3. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ।
4. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, आगरा, उत्तर प्रदेश।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आगरा मण्डल, आगरा, उत्तरप्रदेश।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आगरा, उत्तर प्रदेश।

(डा0 अबु तलहा)
महाप्रबन्धक
मुख्यालय/डी0एच0एस0

Scanned with CamScanner

# जनपद– आगरा

## भ्रमण अवधि– दिनांक 14.09.2022 से 17.09.2022

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या– SPMU/NHM/M&E/2022-23/2566-2-Dated-19-07-2022 के कम में दिनांक– दिनांक 14.09.2022 से 17.09.2022 के मध्य जनपद आगरा की चिकित्सा इकाईयों– जिला महिला चिकित्सालय ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अछनेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, साँधन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, साँधन हेल्थ वेलनेस सेन्टर, बियारा, भ्रमण आख्या निम्नवत है:–

**राज्य स्तरीय भ्रमण दल के सदस्य –**

1. डा0 अबु तलहा, महाप्रबंधक, मुख्यालय/डी0एच0एस0
2. श्री मो0 काशिफ, स्टेट मैनेजर, एफ0पी0एल0एम0आई0एस0, परिवार नियोजन
3. श्री आश मोहम्मद, स्टेट कंसल्टेंट, क्वालिटी एश्यारेन्स

**जनपद स्तरीय भ्रमण दल के सदस्य –**

1. जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक।
2. जनपदीय कम्युनिटी प्रासेस प्रबन्धक।

**पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गई इकाईयॉ**

1. जिला महिला चिकित्सालय।
2. जनपदीय ड्रग वेयर हाउस।
3. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अछनेरा ।
4. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, साँधन।
5. हेल्थ वेलनेस सेन्टर, बियारा।
6. मुख्य चिकित्साधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जि0म0चि0) के साथ बैठक।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अछनेरा**

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में आवारा पशु घुमते पाये गये तथा चिकित्सालय के ओ0पी0डी0 ऐरिया में दुर्गधं आ रही थी समस्त टॉयलेट साफ नही थे तथा टॉयलेट में पानी नही आ रहा था।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बायो मेडिकल वेस्ट का पृथक्करण नियमानुसार नहीं किया जा रहा था बायो मेडिकल वेस्ट अधिनियम 2016 का प्रशिक्षण आवश्यक रूप से आयोजित कराने हेतु सुझाव दिया गया ।
- लैब स्टाफ को रजिस्टर के रख–रखाव, प्रसव कक्ष का प्रबन्धन, जैव अपशिष्ट निस्तारण एवं इन्फेक्शन प्रिवेंशन का प्रशिक्षण मौके पर ही प्रदान किया गया। बायो मेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण हेतु एक अधिकारी को नोडल के रूप में नामित करने का सुझाव दिया गया तथा जैव अपशिष्ट हेतु अनुबन्धित एजेंसी के प्रतिनिधि से बात कर जैव अपशिष्ट को नियमित रूप से उठाने साथ ही अनुबन्ध की शर्तों एवं नियमों के अनुसार ही एजेंसी को भुगतान किये का सुझाव दिया गया।
- औषधि वितरण/इन्जेक्शन कक्ष में सिरिंज बिखरी हुई थीं सम्बन्धित कर्मचारी को सिंरिज को हब कटर से काटने एवं बायो–वेस्ट के सही तरीके निस्तारण की जानकारी दी गयी।
- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत मरीजों को का भोजन दिया जा रहा था परन्तु रजिस्टर न तो ठीक ढंग से भरा गया था न ही पृष्ठांकित था और न ही प्रमाणित किया जा रहा था। दस्तावेजों को निर्धारित प्रारूप में तैयार किये जाने तथा सम्बंधित सभी अभिलेखों को निर्धारित प्रारूप में तैयार कर सत्यापित किया जाए।
- जे.एस.वाई के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल प्रसव के सापेक्ष सभी लाभार्थियों का भुगतान नहीं किया गया था। तथा आशा इसेंटिव माह अप्रैल, 2022 से नहीं दिया गया। संबंधित को भुगतान प्रक्रिया को नियमित किये जाने का सुझाव दिया गया।
- लेबर रूम में रजिस्टर पूर्ण रूप से नही भरे जा रहे है। लेबर रूम में उपस्थित स्टाफ नर्स (नीना) को सेवा प्रदाता एवं लाभार्थियों की प्रोत्साहन राशि के बारे में जानकारी का अभाव है।
- मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन के चिन्हित ब्लॉक में लक्ष्य के सापेक्ष अभी तक मात्र 08 पुरूष नसबंदी केस ही किये गये है।

Scanned with CamScanner

- एन0क्यू0ए0एस0 संबंधी इन्टर्नल असेसमेंट नहीं किया जा रहा है तथा डिपार्टमेन्ट वार स्कोर उपलब्ध नही था।
- स्वास्थ्य इकाई पर एक महिला को प्रसव उपरांत बिना जानकारी एवं काउन्सलिंग के लेबर रूम में उपस्थित स्टाफ नर्स (नीना) द्वारा पी0पी0आई0यू0सी0डी0 लगायी गई, जो नियमानुसार सही नही है। अधीक्षक महोदय द्वारा आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित।
- ब्लॉक की समस्त आशाओं का भुगतान अप्रैल माह से लम्बित है।
- स्वास्थ्य इकाई पर कन्डोम बॉक्स लगा था किन्तु उसमें कन्डोम उपलब्ध नही थे। उक्त के सन्दर्भ में सुझाव दिया गया कि किसी को जिम्मेदारी दी जाये कि कण्डोम बाक्स खाली होने से पूर्व भरा जाना सुनिश्चित किया जायें।
- स्टोर में 02 कम्प्यूटर उपलब्ध थे, जिनका उपयोग नही किया जा रहा है। जबकि स्वास्थ्य इकाई पर 06 फार्मासिस्ट क तैनाती है।
- प्रसव कक्ष मे नवीनतम प्रोटोकाल पोस्टर तथा आई0ई0सी0 सामग्री उपलब्ध नहीं थे।
- दीवार लेखन एवं आई0ई0सी0 सामग्री का स्वास्थ्य केन्द्र पर अभाव है।
- अन्तरा व पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के प्रिंटेड रजिस्टर अप्रैल माह से नहीं थे। सम्बन्धित स्टाफ द्वारा गर्भनिरोधक सामग्री वितरण रजिस्टर में कालम खींचकर पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के लाभार्थियों की इण्ट्री की जा रही थी। पी0पी0आई0यू0सी0डी0 लाभार्थियों के फॉलोअप का रिकार्ड उपलब्ध नहीं था। सम्बन्धित स्टाफ को पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के शत प्रतिशत लाभार्थियों का फालोअप करने तथा रिकार्ड रखने का सुझाव दिया गया।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 व अन्तरा रजिस्टर में लाभार्थियों के समस्त रिकार्ड जैसे, खाता संख्या, मोबाईल नम्बर तथा सम्बन्धित आशा के मोबाईल नम्बर आदि नहीं भरे जा रहे हैं।
- अन्तरा के द्वितीय व बाद के डोज लगवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर जाने हेतु लाभार्थियों को सलाह देने का सुझाव दिया गया।
- फिजिकल स्टॉक तथा पोर्टल स्टॉक मैच नहीं हो रहा था जिसे मैच करने एवं फ्रीक्वेंसी के हिसाब से इंडेंट करने एवं पोर्टल को प्रॉपर उपयोग करने की सलाह दी गई।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रे में डाटा वेलिडेशन कमेटी का गठन नही किया गया है। नियमित बैठक सम्पादित नही की जाती पायी गयी एवं न ही अभिलेख उपलब्ध पाये गये सुझाव दिया गया 10 प्रतिशत डाटा का चिकित्साधिकारी द्वारा वेरीफिकेशन किया जाय डाटा वेलिडेशन कमेटी का गठन कराना एवं समस्त डाटा का वेलिडेशन कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

**<u>जिला महिला चिकित्सालय भ्रमणः–</u>**

- आर0एम0एन0सी0एच0ए0 काउन्सलर अस्पताल में अनुपस्थित पायी गई।
- सम्बन्धित काउन्सलर्स चिकित्सालय परिसर में आने वाले अधिक से अधिक लक्ष्य दम्पत्तियों की काउन्सलिंग कर परिवार नियोजन की सेवायें प्रदान कराते हुए नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करें, जिससे ड्रापआउट को कम किया जा सके।
- अर्श काउन्सलर ने साथिया क्लीनिक को अच्छे से मेनटेन किया हुआ है। तथा किशोर व किशोरियों की परिवार नियोजन सम्बंधी काउन्सलिंग भी की जा रही है।
- जिला महिला चिकित्सालय आगरा एन0क्यू0ए0 सर्टिफाईड तथा कायाकल्प अवार्ड अर्ह है परन्तु जिला स्वास्थ्य समिति आगरा द्वारा चिकित्सालय को एन0क्यू0ए0एस0 इन्सेटिव एवं कायाकल्प अवार्ड धनराशि का आवंटन नहीं किया गया।
- नसबन्दी केसेज के रिकार्ड्र समुचित नहीं भरे जा रहे हैं तथा लाभार्थियों को फॉलोअप कार्ड व प्रमाणपत्र का वितरण नहीं किया जा रहा है।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के सेवाप्रदाताओं को प्रोत्साहन राशि का भुगतान पिछले दो वर्षो से नहीं किया गया है।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 व अन्तरा रजिस्टर में लाभार्थियों के समस्त रिकार्ड जैसे, खाता संख्या, मोबाईल नम्बर तथा सम्बन्धित आशा के मोबाईल नम्बर आदि नहीं भरे जा रहे हैं।

Scanned with CamScanner

- अन्तरा के द्वितीय व बाद के डोज लगवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर जाने हेतु लाभार्थियों को सलाह देने का सुझाव दिया गया।
- परिसर में एक भी कन्डोम बॉक्स नही लगाया गया था।
- परिवार नियोजन सामग्रियों का मैनेजमेन्ट चिकित्सालय के फार्मासिस्ट द्वारा नही किया जा रहा है। जनपदीय वेयर हाउस से काउन्सलर एवं ए0एन0एम0 द्वारा सामग्री प्राप्त की जा रही जो कि नियमानुसार उचित नही है।
- परिवार नियोजन से सम्बंधित आई0ई0सी0 लगी हुई पायी गयी। परन्तु अपडेटेड व समुचित नहीं था।
- मेडिकल आफिसर व स्टाफ नर्स सभी PPIUCD में विधा में प्रशिक्षित हैं। परिवार नियोजन से सम्बंधित डॉक्यूमेंटेशन ठीक से नहीं किया जा रहा हैं जिसे ठीक करने का तथा HMIS में फीड करने का सुझाव दिया गया। पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के लाभार्थियों का फालोअप भी कम है। सम्बन्धित स्टाफ को पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के शत प्रतिशत लाभार्थियों का फालोअप करने का सुझाव दिया गया।
- सम्बन्धित स्टाफ को अन्तरा के द्वितीय व बाद के डोज लगवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाने हेतु लाभार्थियों को सलाह देने का सुझाव दिया गया।
- फिजिकल स्टॉक तथा पोर्टल स्टॉक मैच नहीं हो रहा था जिसे मैच करने एवं फ्रीक्वेंसी के हिसाब से इंडेंट करने एवं पोर्टल को समुचित उपयोग करने की सलाह दी गई।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जि0म0चि0) के साथ बैठक व फीडबैकः–**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जि0म0चि0) के साथ बैठक कर निम्न फीडबैक दी गई–

- परिवार नियोजन सामग्रियों के मॉग, वितरण व प्रबन्धन हेतु एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल पर नियमित इण्ट्री नहीं की जा रही है। परिवार नियोजन सामग्रियों का मैनेजमेन्ट चिकित्सालय के फार्मासिस्ट द्वारा नही किया जा रहा है। जनपदीय वेयर हाउस से काउन्सलर एवं ए0एन0एम0 द्वारा सामग्री प्राप्त की जा रही जो कि नियमानुसार उचित नही है।
- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया की जिला महिला चिकित्सालय आगरा एन0क्यू0ए0 सर्टिफाईड तथा कायाकल्प अवार्ड अर्ह है परन्तु जिला स्वास्थ्य समिति आगरा द्वारा चिकित्सालय को एन0क्यू0ए0एस0 इन्सेटिव एवं कायाकल्प अवार्ड धनराशि का आवंटन नहीं किया गया।
- जिला महिला चिकित्सालय के मेडिकल कालेज में परिवर्तित होने के कारण प्रशासनिक दायित्वों में बदलाव के कारण वर्तमान में आने वाली कठिनाईयों से भी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के सेवाप्रदाताओं व लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान अप्रैल माह से नहीं किया गया है। उक्त के सन्दर्भ में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जि0म0चि0) द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त भुगतान शीघ्र करा दिये जायेंगें।
- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जि0म0चि0) से पी0पी0आई0यू0सी0डी0 व अन्तरा के सेवाप्रदाताओं की मासिक समीक्षा करने का सुझाव दिया गया जिससे उपलब्धि बढ़ायी जा सके।
- कण्डोम बाक्सेज लगवाने तथा परिवार नियोजन काउन्सलर को प्रिण्टेड रजिस्टर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। उक्त के सन्दर्भ में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (जि0म0चि0) तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त भुगतान शीघ्र करा दिये जायेंगें तथा स्टोर से परिवार नियोजन काउन्सलर को प्रिण्टेड रजिस्टर शीघ्र ही उपलब्ध कराये जायेंगें।

**मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस, आगरा–**

- फार्मासिस्ट द्वारा उपलब्ध कराये गये स्टाक रजिस्टर एवं एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल पर उपलब्ध स्टाक में थोड़ी भिन्नता पायी गयी।
- मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस में भ्रमण करने पर ज्ञात हुआ कि परिसर में साफ–सफाई का अभाव था और सामग्री को सही ढंग से व्यवस्थित नही किया जा रहा है।
- मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस में पानी एवं शौचालय की व्यवस्था क्रियाशील नही थी।
- फिजिकल स्टॉक तथा पोर्टल स्टॉक मैच नहीं हो रहा था जिसे मैच करने एवं फ्रीक्वेंसी के हिसाब से इंडेंट करने एवं पोर्टल को प्रॉपर उपयोग करने की सलाह दी गई।

Scanned with CamScanner

- भ्रमण टीम द्वारा चीफ फार्मासिस्ट को अवगत कराया गया कि मण्डल से जिलों को पर्याप्त मात्रा में परिवार नियोजन सामग्री उपलब्ध कराने एवं भण्डारण के लिये स्टेट वेयर हाउस को क्षमतानुसार बड़े वाहन से सामग्री लाने के लिये बजट का प्रावधान राज्य स्तर से किया गया है, जिसका समुचित रूप से क्रियान्वयन किया जाना अति आवश्यक है।
- चीफ फार्मासिस्ट को भौतिक स्टॉक एवं एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल के स्टॉक की जांच कर मिलान करने एवं निरन्तर मूल्यांकन/अनुश्रवण करने का सुझाव दिया गया।
- चीफ फार्मासिस्ट के पास मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस द्वारा स्टेट वेयर हाउस से सामग्री लाने के लिये ट्रान्सपोर्ट बजट शीट, मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस क्रियान्वयन सम्बंधी गाइडलाइन, मण्डलीय ड्रग वेयर हाउस पर आवंटित संविदा मानव संसाधन एवं एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल से सम्बन्धित गाइडलाइन/दिशा निर्देश उपलब्ध नही है एवं इससे सम्बन्धित जानकारी का अभाव था।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, साँधन**

- स्वास्थ्य इकाई पर तैनात मेडिकल ऑफिसर भ्रमण के समय जा चुकी थी।
- परिसर में साफ सफाई नही थी। पीने की पानी की समुचित व्यवस्था नही थी।
- आई० ई०सी० अद्यतन नही पायी गई। स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं दी जाने वाली सेवाओं की नवीनतम आई० ई० सी० लगायी जानी है।
- चिकित्सालय की चारदीवारी टूटी हुयी थी।
- स्वास्थ्य इकाई पर एक फार्मासिस्ट एवं एक सफाईकर्मी ही उपस्थित पाया गया।
- स्वास्थ्य इकाई तक पहुंचने के लिये रास्ता बाधित है एवं स्वास्थ्य इकाई की इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है।
- स्वास्थ्य इकाई पर साफ-सफाई का अभाव है एवं बान्ड्री वॉल टूटी हुई थी। स्वास्थ्य इकाई पर उपलब्ध सामानों में जंग लगा हुआ है तथा रख-रखाव ठीक तरह से नही किया जा रहा है।

**हेल्थ वेलनेस सेन्टर, बियारा।**

- हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर भ्रमण के समय ताला लगा हुआ था। एम0ओ0आई0सी0 द्वारा कॉल के उपरांत स्टॉफ उपस्थित हुआ।
- हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर पानी की व्यवस्था नही थी तथा शौचालय क्रियाशीन नही था।
- हेल्थ वेलनेस सेन्टर की बान्ड्री वॉल नही है तथा जगह-जगह पानी भरा हुआ है, जिससे इकाई को नुकसान पहुंच रहा है।
- सीबैक फार्म नही भरे जा रहे थे तथा आशा द्वारा अवगत कराया गया कि सीबैक फोर्म उपलब्ध नहीं कराये जा रहें। सीबैक फोर्म को भरने हेतु तथा सीबैक फोर्म उपलब्ध कराये जाने हेतु समवन्धित को निर्देशित किया गया।

भ्रमण टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी को निम्नानुसार फीडबैक दिया गया-

- जनपद में आशाओं का भुगतान अप्रैल माह से नही किया गया है जबकि राज्य स्तर से निरन्तर आशा भुगतान हेतु निर्देशित किया गया है।
- नसबन्दी केसेज के रिकार्ड्स समुचित नहीं भरे जा रहे हैं तथा लाभार्थियों को फॉलोअप कार्ड व प्रमाणपत्र का वितरण नहीं किया जा रहा है।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के सेवाप्रदाताओं व लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान अप्रैल माह से नहीं किया गया है।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 लाभार्थियों के फॉलोअप का रिकार्ड उपलब्ध नहीं था।
- पी0पी0आई0यू0सी0डी0 व अन्तरा रजिस्टर में लाभार्थियों के समस्त रिकार्ड जैसे, खाता संख्या, मोबाईल नम्बर तथा सम्बन्धित आशा के मोबाईल नम्बर आदि नहीं भरे जा रहे हैं।
- अन्तरा के द्वितीय व बाद के डोज लगवाने हेतु नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर जाने हेतु लाभार्थियों को सलाह देने का सुझाव दिया गया।
- एन0क्यू0ए0एस0 के चेकलिस्ट के आधार पर चिकित्सा इकाईयों में गैप क्लोजर हेतु कार्ययोजना बनाने का सुझाव दिया गया।

Scanned with CamScanner

- फिजिकल स्टॉक तथा पोर्टल स्टॉक मैच नहीं हो रहा था जिसे मैच करने एवं फ्रीक्वेंसी के हिसाब से इंडेंट करने एवं पोर्टल को प्रॉपर उपयोग करने की सलाह दी गई।
- राज्य स्तर से समय–समय पर दिये गये दिशा–निर्देशो का सभी स्वास्थ्य इकाईयों का स समय उपलब्ध कराया जाय।
- बैठकों में दिशा–निर्देशों एवं अवमुक्त की गयी धनराशी के नियमानुसार व्यय हेतु अवगत कराया जाये।

**मुख्य चिकित्साअधिकारी के साथ बैठक व फीडबैकः–** भ्रमण के उपरान्त जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ बैठक किया गया व भ्रमण में पायी गयी बिन्दुवार कमियों एवं भ्रमण दल द्वारा मौके पर दी गयी सहयोग से अवगत कराया गया। भ्रमण टीम द्वारा निम्नानुसार सुझाव दिये गये–

- राज्य स्तरीय टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि ऑकड़ों की नियमित समीक्षा प्रत्येक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जाए।
- जनपद में आशाओं का भुगतान अप्रैल माह से नही किया गया है जबकि राज्य स्तर से निरन्तर आशा भुगतान हेतु निर्देशित किया गया है।
- राज्य स्तर से समय–समय पर दिये गये दिशा–निर्देशो का सभी स्वास्थ्य इकाईयों का ससमय उपलब्ध कराया जाय।
- बैठकों में दिशा–निर्देशों एवं अवमुक्त की गयी धनराशी के नियमानुसार व्यय हेतु अवगत कराया जाये।
- राज्य स्तरीय टीम द्वारा भ्रमण की गई चिकित्सा इकाईयों का फीडबैक साझा किया गया।
- जनपद स्तर पर प्रत्येक माह वित्तीय समीक्षा करने का सुझाव दिया गया।

उपरोक्तानुसार मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे गैप को 01 माह में पूर्ण करा देगे।

अशि मोहम्मद
स्टेट कंसल्टेंट, क्वालिटी एश्यारेन्स

मो0 काशिफ,
स्टेट मैनेजर, एफ0पी0एल0एम0आई0एस0

डा0 अबु तलहा,
महाप्रबन्धक
मुख्यालय/डी0एच0एस0,

Scanned with CamScanner

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

1. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आगरा, उत्तर प्रदेश।
2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद– आगरा, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2022–23 / 4943. दिनांक : 10-10-2022

विषय : राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा जनपद आगरा के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत हैं कि राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आपके जनपद आगरा की स्वास्थ्य इकाईयो का भ्रमण दिनांक 14 से 17 सितम्बर 2022 के मध्य किया गया। भ्रमण दल द्वारा प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भ्रमण आख्या पत्र के साथ संलग्न कर आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

तत्क्रम में आपसे अपेक्षा है कि उक्त भ्रमण आख्या के अनुसार सुधारात्मक कार्यवाही करते हुये 15 कार्यदिवसों के भीतर कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करे।

संलग्नक– भ्रमण आख्या रिपोर्ट।

भवदीय

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक
तददिनांक

पत्रांक :एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2022–23 / 4943-2

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक, परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ।
3. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ।
4. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, आगरा, उत्तर प्रदेश।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आगरा मण्डल, आगरा, उत्तरप्रदेश।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आगरा, उत्तर प्रदेश।

(डा0 अबु तलहा)
महाप्रबन्धक
मुख्यालय / डी0एच0एस0

Scanned with CamScanner